सार-समाचार

नागपुर से आई अकीदत की सौगात, अजमेर उर्स में पेश की गई चादर

अजमेर, (कास)। नागपुर स्थित सूफी संत बाबा ताजुद्दीन (र.अ.) की बारगाह से हर साल की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी शान-ओ-शौकत और अकीदत के साथ अजमेर शरीफ में ख्वाजा गरीब नवाज़ के उर्स के मौके पर चादर पेश की गई। इस पावन अवसर पर चादर पेश करने की रस्म नोमान अशरफ़ी की सदारत में अदा की गई। चादर पेशी के दौरान ख्वाजा साहब की बारगाह में खादिम शेखजादा इमरान चिश्ती ने जियारत करा अमन, भाईचारे और मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ की। इस मौके पर मतीन भाई, रफीक भाई, रज़ा भाई, शाकिर भाई, मेहराब भाई, फैज़ान भाई और ओवैस रिज़वान भाई सहित अकीदतमंद बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नागपुर से आए ज़ायरीन ने ख्वाजा साहब की दरगाह में हाज़िरी देकर उर्स की रौनक में अपनी अकीदत पेश की। नागपुर से अजमेर तक पहुंची यह चादर सूफियाना परंपरा, मोहब्बत और इंसानियत के पैग़ाम की प्रतीक बनी।

जल जीवन मिशन के तहत दो हजार मीटर पाइपलाइन बिछाई

मसूदा,(निसं)। ग्राम पंचायत सिकरानी द्वारा विगत दिनों में जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत शिखरानी में विष्णु सेन की दुकान से ब्रह्मा बेरवा के घर तक 2000 मी पाइपलाइन मय कनेक्शन बिछाई गई। भूकरखेडा रोड पर स्थित मेघवंशी मोहल्ले में पाइपलाइन मय कनेक्शन, पाइपलाइन लंबाई अनुमानित 1500 मी 2 से 3 किलोमीटर सीसी रोड बनाया गया ।मुख्य मार्ग एकलसिंगा रोड पर पाइपलाइन मय जल कनेक्शन करवाया गया ग्राम पंचायत सीकराणी द्वारा किसी से भी 1 रूपए नहीं लिया गया।

भारतमाला सड़क परियोजना से बचने की मांग की

मसूदा, (निसं)। सोमवार को राजकीय महाविद्यालय मसूदा के छात्र-छात्राओं ने एसडीएम मसूदा को ज्ञापन दिया भारतमाला सड़क परियोजना में महाविद्यालय की जो जमीन सरकार द्वारा ली जा रही है इसका विरोध दर्ज कराया गया था इस दौरान एसडीएम दीपशिखा कालवी ने महाविद्यालय के पदाधिकारियों व विद्यार्थियों को आश्वासन दिया ।और कहा कि आपकी आपत्ति आगे दर्ज कर दी जाएगी एवं पूरी मदद की होगी और महाविद्यालय में भी विरोध प्रदर्शन किया । सचिन गुर्जर, मुकेश बैरवा, रफीक काठात, भागचंद रावत, लादुराम गुर्जर, तनवीर, विनोद रावत, नकीराज जाट, अयुब शालु, सदीक लक्ष्मण एवं छात्र-छात्राए शामिल थे।

मुख्यमंत्री संबल योजना में दुग्ध उत्पादकों को 5 प्रति लीटर सब्सिडी की मांग

भीलवाड़ा(निसं)। राजस्थान के प्रत्येक दुग्ध उत्पादक को मुख्यमंत्री संबल योजना के तहत 5 प्रति लीटर सब्सिडी दिए जाने की मांग को लेकर भीलवाड़ा की गोकुल डेयरी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि बढ़ती उत्पादन लागत, चारे की महंगाई और परिवहन खर्च के कारण दुग्ध उत्पादकों पर आर्थिक दबाव बढ़ता जा रहा है, ऐसे में यह सब्सिडी उन्हें संबल प्रदान करेगी। ज्ञापन देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में गोकुल डेयरी के मैनेजिंग डायरेक्टर अशोक चैबे, मुख्य सलाहकार मुरलीधर व्यास, आसींद अवशीतन केंद्र इंचार्ज फोजमल गुर्जर, सीनियर लेखाधिकारी रतन लाल चैबे, प्रहलाद राय शर्मा एवं देवकिशन शर्मा शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और प्रदेश के लाखों किसान परिवार इससे जुड़े हैं। वर्तमान परिस्थितियों में दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य और सरकारी प्रोत्साहन मिलना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि यदि मुख्यमंत्री संबल योजना के अंतर्गत प्रति लीटर 5 की सब्सिडी लागू की जाती है तो इससे छोटे और सीमांत दुग्ध उत्पादकों की आय में सीधा इजाफा होगा। साथ ही दुग्ध संग्रहण और आपूर्ति श्रृंखला को भी मजबूती मिलेगी, जिससे सहकारी डेयरियों की स्थिति सुदृढ़ होगी।जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और ज्ञापन को अग्रिम कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को प्रेषित करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार दुग्ध उत्पादकों के हित में शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़ेंगे।

डीएमएफटी फंड से हर पंचायत में पौधारोपण की मांग

भीलवाड़ा(निसं)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने भीलवाड़ा जिले की सभी पंचायतों में प्रतिवर्ष पौधारोपण कराए जाने की मांग को लेकर सांसद दामोदर अग्रवाल, आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी, शाहपुरा विधायक लालाराम बैरवा, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा तथा मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल को पत्र लिखकर मांग की है कि भीलवाड़ा जिला औद्योगिक व खनन गतिविधियों से प्रभावित रहा है, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ा है। ऐसे में जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 15 हेक्टेयर चरागाह भूमि पर प्रतिवर्ष पौधारोपण किया जाना आवश्यक है। जाजू ने सुझाव दिया है कि डीएमएफटी फंड से नीम, करंज, शीशम, पीपल, बरगद जैसे अधिक प्राणवायु देने वाले छायादार व दीर्घायु पौधों के साथ ही फलदार पौधों का रोपण कराया जाए।

अरावली बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस का प्रदर्शन, पैदल मार्च निकाला

पुष्कर,(निसं)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पुष्कर और नगर कांग्रेस कमेटी पुष्कर के संयुक्त तत्वाधान में और पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा अरावली पर्वत श्रृंखला को नष्ट करने के आदेश के विरोध में अरावली बचाओ, पैदल मार्च आयोजित किया गया

इस मार्च में शामिल सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय में अरावली पर्वत माला की गलत परिभाषा पेश की उसका विरोध नारे लगा कर किया और उसे पुनः बदलने की माँग की।

अंत में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने अपना पैदल मार्च अंबेडकर जी प्रतिमा के चरणों में सम्पन्न किया और वहां पर पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे की महात्मा गांधी नरेगा को बचाने की शपथ कार्यकर्ताओं को दिलाई।

पुष्कर में अरावली बचाओ, पैदल मार्च आयोजित किया गया ।

- अरावली को बचाने के लिए पैदल मार्च

इस दौरा पुष्कर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय जोशी,पूर्व पालिका अध्यक्ष मंजू कुर्डिया, सावित्री प्रसाद गौतम,दामोदर मुखिया,बाबूलाल दगदी बैद्यनाथ पाराशर, टीकम शर्मा, जगदीश कुर्डिया,शरद वैष्णव, गोपाल तिलोनिया,अरशद इंसाफ, भागचंद दग्दी संजय दग्दी, राजू मल्लिक,सुरेश नाथ पाराशर, मधुसूदन पाराशर, संगीता नागौरा प्रमोद पाराशर, मिनाक्षी मीणा, ओमप्रकाश तिगाया, प्रेमप्रकाश बाकोलिया, कमलकांता शर्मा, सोनू नागौरा, जितेंद्र गहलोत, शैतान सांखला कालूराम दायमा विकास मुखिया, गौरीशंकर पाराशर, पृथ्वीराज उदय, ओमप्रकाश पाराशर, केसर सिंह, पन्ना लाल चौधरी, जगदीश भील लक्ष्मण सिंह राठौड़, यूसुफ आगवान जसराज गुर्जर मौजूद थे।

दस दिवसीय यूनानी शिविर का समापन

अजमेर, (कास)। सूफी संत ख्वाजा साहब के सालाना उर्स में यूनानी चिकित्सा विभाग की ओर से जायरीनों की सेवा के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया इसमें हजारों जायरीनों को यूनानी दवाइयां एवं चिकित्सा सुविधाएं का लाभ उठाया। शिविर का समापन सोमवार को हुआ।

शिविर प्रभारी और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहम्मद रोशन ने बताया कि दस दिनों के शिविर में 8 हजार से अधिक जायरीन को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

सोमवार को यूनानी विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ.शौकत अली अंसारी ने शिविर का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शिविर की सुव्यवस्थित के लिए स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. अंसारी ने कहा की यूनानी विभाग ने इन शिविर के माध्यम से आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाने का प्रयास किया, शिविर में अजमेर संभाग के चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी है।

NAME CHANGE

I Army No. JC-780085Y, Sub, R Maya Krishnan Residing of Vill:- Thattanenthal, Po: Melakodumalur, Tehsil:- Muthukulathur ,District:- Ramanathapuram , Tamil Nadu, Pin- 623601 have change my Son's name from MR GOKUL KRISHNAN to GOKUL KRISHNAN M vide affidavit No. CA836095 dated 29/12/2025 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Kamble Latika Ramchandra Mother of Army No. 15789310W, Hav, Kamble Suhas Ramchandra Residing of Vill & Po:- Haldi, Tehsil:- Karveer, District:- Kolhapur, Maharashtra, Pin- 416001 have change my name from Kamble Latika Ramchandra to Latika Ramchandra Kamble vide affidavit No. CA836097 dated 29/12/2025 before court campus Nasirabad

सब्सिडी कम आई तो लोगों से वसूली पर नाराज हुए लोग

पुष्कर, (निसं)। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगों मकान मिले है उनसे तीस हजार रुपयों की ओर मांग की जा रही है जिसे लोगों ने गलत बताया है । प्रदर्शन करने वाले लोगों ने ज्ञापन में बताया की नगर परिषद में बताया की जो सब्सिडी आनी थी वह कम आई है जो कम आई है वह सब सीडी की पूर्ति लोगो से की जा रही है जो गलत है।पुष्कर के एसडीएम कार्यालय में उपखंड अधिकारी के नाम तहसीलदार इंद्रजीत चौहान को सोपा ज्ञापन दिया गया।इस दौरान अशोक सेन, दामोदर सेन ,मनीष शर्मा, राजू राम, जगदीश प्रजापत, उपेंद्र सिंह ,शोभा गिरी उपस्थित रहे।

चाइनीज मांझा का रहेगा निषेध

अजमेर, (कास)। व्यापक जन हित को ध्यान में रखते हुए जिले में धातु निर्मित चाइनीज मांझे के उपयोग, निर्माण एवं विपणन को निषेध किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट लोक बन्धु ने बताया कि जिले में मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी के लिए धातुओं के मिश्रण से निर्मित मांझा सामान्य प्रचलित भाषा में चाईनीज मांझा प्लास्टिक व अन्य सिंथेटिक पदार्थ या जहरीले पदार्थ जैसे लोहा, ग्लास इत्यादि से बना मांझा प्रयुक्त जा सकता हैं। यह मांझा विभिन्न धातुओं के मिश्रण होने से निर्मित होने से धारदार तथा विद्युत का सुचालक होता है। इसके उपयोग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को अत्याधिक जान माल का नुकसान होना संभाव्य है। साथ ही विद्युत का सुचालक होने के कारण विद्युत तारों के सम्पर्क में आने पर विद्युत प्रवाह होने से पतंग उड़ाने वाले को भी नुकसान पहुंचना तथा विद्युत सप्लाई में बाधा उत्पन्न होना संभाव्य है। इस समस्या और खतरे के निवारण के लिए इस धातु निर्मित मांझा के उपयोग, निर्माण एवं विपणन को निषेध किया गया है। उन्होंने बताया कि लोक स्वास्थ्य व विद्युत संचालन बाधा रहित बनाए रखने एवं पक्षियों के लिये बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझा सामान्य प्रचलित भाषा में चाईनीज मांझा, प्लास्टिक व अन्य सिन्थेटिक पदार्थ या जहरीले पदार्थ जैसे लोहा, ग्लास इत्यादि से बना मांझा की थोक व खुदरा बिक्री, भण्डारण, परिवहन तथा उपयोग राजस्व जिला अजमेर की क्षेत्राधिकारिता में निषेध एवं प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए गए है। इस प्रकार के मांझाओं का भण्डारण, विक्रय, परिवहन तथा उपयोग करने वाले के विरुद्ध यथाप्रचलित सम्यक कानून के तहत कार्यवाही की जाएगी। पक्षियों को नुकसान से बचाने के लिए प्रातः 6 से 8 बजे तथा सायं 5 से 7 बजे तक पतंग उड़ाने एवं पतंगबाजी पर प्रतिबन्ध रहेगा।

- मांझा उपयोग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों तथा पक्षियों को अत्याधिक जान माल का नुकसान होना संभाव्य है

नसीराबाद घाटी में कार हुई दुर्घटना का शिकार

अजमेर, (कास)। नसीराबाद घाटी मार्ग पर बीती देर रात एक बड़ा हादसा होते.होते टल गया। केसरगंज निवासी हिमांशु गर्ग की कार के सामने अचानक गोवंश आ गया। टक्कर के बाद कार बेकाबू होकर सडक़ किनारे झाडिय़ों में घुसी गई। इसी दौरान वाहन में शॉर्ट सर्किट हुआ और कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में चालक हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गयाए जिसे जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार जारी है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की तत्परता दिखाते हुए चालक की जान बचा ली। कार में आग फैलने से पहले ही मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल हिमांशु को बाहर निकाला लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग तेजी से फैली और कार जलकर खाक हो गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायरब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे के बाद नसीराबाद घाटी मार्ग पर कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रैफिक नियंत्रित किया और जली हुई कार को हटवाकर मार्ग को सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गोवंश से टक्कर और उसके बाद शॉर्ट सर्किट से कार में आग लग गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

- शॉर्ट सर्किट से लगी आग, जलकर हुई खाक
- गोवंश से टकराई थी कार, चालक घायल

राजहंस को बचाया, प्रवासी पक्षी राजहंस ग्रे लेग को रेस्क्यू कर बचाया

भीलवाडा(निसं)। विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश चंद्र नवहाल ने शास्त्रीनगर के बी 365 में महावीर प्रसाद जैन के घर समाज सेवी कमला देवी चौधरी के द्रारा घायल होकर उड़ नहीं पाने को देख कर वन विभाग की टीम को सूचित कर रेस्क्यू किया। राजहंस के पंखों के किनारे पर घाव होने के कारण यह उड़ नहीं पा रहा था। वन विभाग के अधिकारी सोहनलाल मौके पर पहुंचे एवं राजहंस को रेस्क्यू करके ले गए। राजहंस ग्रेलेग गूज (राजहंस) प्रवासी पक्षियों की वह प्रजाति है जो साइबेरिया से उड़ कर आती है। इसकी उड़ने की क्षमता विलक्षण है। यह एवरेस्ट के ऊपर उडता देखा गया है ।

एकल अभियान का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

ब्यावर (निसं)। एकल अभियान अंचल अजमेर के तहत आशापुरा माता मंदिर में पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास प्रशिक्षण वर्ग का समापन वन बन्धु परिषद की संरक्षक मंजू भूतड़ा, अध्यक्ष संतोष रांका,उषा मोदी, सचिव महेंद्र रांका समाजसेवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक भाई साहब नरेन्द्र सिंह, मधु मकाणा, रमा हरकुट, मनीषा कांकाणी, नीतू जिन्दल, रेणुका जैथलिया, प्रभाग प्रशिक्षण प्रभारी मनोहर आदि थे।

इस वर्ग में 62 आचार्य उपस्थित रहे आचार्य प्रशिक्षण में बच्चों को पढ़ाई करवाना, खेलकूद के माध्यम से बच्चों में पढ़ाई में रूचि बढ़ाना, अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखना, पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से संपूर्ण जानकारी देना आदि प्रतिदिन प्रातः से लेकर रात्रि तक 10 सत्रों का नियोजन किया गया।

बिजयनगर की बेटी ने दिलाया राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक

बिजयनगर,(निसं)। 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में बिजयनगर के राजनगर निवासी पूर्व नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष मूल सिंह राठौड़ की पोत्री कृर्ति राज राठौड़ पुत्री हेमेन्द्र सिंह राठौड़ ने राजस्थान का नेतृत्व करते हुए महिला वर्ग सिविलियन श्री पोजीशन सिल्वर मेडल इंडिविजुअल केटेगरी में सिल्वर पदक प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित करने पर अभिनन्दन किया गया। कीर्ति राज सिंह ने बताया कि 11 दिसंबर से 2 जनवरी2026 तक आयोजित हो रही इस प्रतियोगिता के इस वर्ग में राजस्थान को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों मित्रों और परिजनों ने खुशी प्रकट कर बधाई दी। कीर्ति राज राठौड़ ने पहले भी वर्ल्ड कप वर्ल्ड 2023 में जर्मनी में आयोजित हुआ था जिसमें भारत का नेतृत्व किया था । निरंतर पुणे के बालेवाडी स्टेडियम में अपना शूटिंग के प्रयास को जारी रखे हुए अपनी इस उपलब्धि पर अपने कोच और अपने माता-पिता को श्रेय दिया है।

- कृर्ति राज राठौड़ का शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक विजेता का स्वागत

शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक विजेता कीर्ति राज सिंह।

बंदरों के आतंक से आमजन परेशान

अजमेर, (कास)। अजमेर शहर के प्रमुख वैशाली क्षेत्र के आनंद नगर, अशोक विहार, शान्तिपुरा व सहित सागर विहार के आसपास के क्षेत्रों में काफी संख्या में आए बंदरों ने आतंक मचा रखा है। नगर निगम प्रशासन से लोगों बंदरों को पकडऩे और उनके आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। महावीर इंटरनेशनल जोन के मीडिया प्रभारी कमल गंगवाल, महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु के प्रवक्ता विजय पांड्या ने जिला प्रशासन व नगर निगम प्रशासन से क्षेत्र में बन्दरो के आतंक से मुक्ति दिलाने की की है। उन्होंने बताया कि आनंद नगर, अशोक विहार, वैशाली नगर, शान्तिपुरा, सागर विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बंदरों से क्षेत्रवासी भयभीत है और डरे हुए हैं, ऐसे में बंदरों को पकड़वा कर जंगलों में सुरक्षित छुड़वाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि अलसुबह से ही बुजुर्गों माताओं बहनों का मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन हेतु आना जाना शुरू हो जाता है, लेकिन 50 की संख्या से अधिक बंदर आसपास की छतों, बालकोनी में सडक़ों पर घूमने से क्षेत्रवासियों डर बना हुआ है। बंदरों के उत्पात से भय का वातावरण बना हुआ है।

अलविदा 2025-संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन

अजमेर, (कास)। वर्ष 2025 को भावपूर्ण विदाई देने और नववर्ष का स्वागत संगीत, मुस्कान और सकारात्मक ऊर्जा के साथ करने के उद्देश्य से अलविदा 2025 - संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आनासागर सर्कुलर रोड पर एक रेस्टोरेंट में इंडिया इंटरनेशनल म्यूजिक लवर्स सोसायटी और मेडिको फ्रेंड्स संदेश सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देहरादून से महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रीटा चड्ढा के साथ नए पुराने गायकों ने अनेक युगल गीत प्रस्तुत किए गए।

सर पर टोपी लाल, नाम गुम जाएगा, इंतहा हो गई इंतज़ार की, रात के हमसफ़र, बार-बार देखो और दिल में हो तुम, याद किया दिल ने कहाँ हो गीतों में डॉ रीटा के साथ मोहन मिश्रा, गोपेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ. सतीश शर्मा, सरवर खान, एन. के. भार्गव, मीना कंजानी सहित कई संगीत प्रेमीयों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम का आनंद लेते हुए लोग।

NAME CHANGE

I YASHWALA DEVI Mother of Army No. 15145609L Rank- HAV Name-RAVI SHEKHAR KUMAR Serving in indian Army I have changed my Name in my Son Army service record from YASHWALA DEVI to YASHVALA KUMARI Vide Affidavit No. CA 836102 Before Court Nasirabad.

NAME CHANGE

I Army No. JC-780085Y, Sub, R Maya Krishnan Residing of Vill:- Thattanenthal, Po:- Melakodumalur, Tehsil:- Muthukulathur, District:- Ramanathapuram, Tamil Nadu, Pin- 623601 have change my daughter's name from M BIRUNDHA to BIRUNTHA M vide affidavit No. CA836096 dated 29/12/2025 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Krishna Singh Father of Army No.15790007F, Hav, Ved Prakash Singh, Residing at Sonhar, Thanun, Sheosagar, Rohtas, Bihar, 821111 have change my name from Krishna Singh to Shrikrishna Singh vide affidavit no CA 836083 dt 27/12/2025 at court campus Nasirabad

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन /25-26/596 — आपत्ति सूचना — दिनांक-29/12/2025

श्रीमती सपना लिलवानी पत्नी श्री रमेश लिलवानी निवासी 1264 गली नं. 4 खोरापति बालाजी मंदिर के पास नृसिंहपुरा रामनगर अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति/भूखण्ड ए.एम.सी. नं. 120/17 जो वार्के मून्दड़ी मोहल्ला अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 63.19 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व- सम्पति संख्या 17/121 श्री हरीशचन्द खंडेलवाल की — उत्तर - अन्य की निजी जायदाद
पश्चिम - सम्पति संख्या 17/118 व 17/119 — दक्षिण - सम्पति संख्या 17/119 एवं रास्ता

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/भवन/25-26/595 — आपत्ति सूचना — दिनांक-29.12.25

श्री पवन कुमार जैन पुत्र स्व. श्री गोविन्द जैन, निवासी 241/24, बाजे वाली गली, केसरगंज अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति/भूखण्ड निजी भूखण्ड संख्या 28 थोक मालियान थर्ड के खसरा नम्बर 8140 का भाग है जो वार्के बंशीवाला रोलिंग मिल के पास, मुकुन्द गार्डन कॉलोनी, अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 300.94 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानुसार हैं।

पूर्व- भूखण्ड संख्या 27 — उत्तर - 20 फुट चौड़ी सड़क
पश्चिम - 29 फुट चौड़ा रास्ता — दक्षिण - इसी खसरे का शेष भाग

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि किसी भी व्यक्ति / संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ/राज/क.ब./2025-26 — आपत्ति सूचना — दिनांक-

श्रीमति कांता पत्नी श्री राजु सामरिया निवासी-शिव कॉलोनी, पहाड गंज अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल,यू.आई.टी. कॉलोनी बंधन बैंक के पास अम्बेडकर नगर, अजमेर में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 145.34 वर्गमीटर/वर्गगज है का नगर निगम अजमेर में कच्ची बस्ती/राजकीय भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार हैं।

पूर्व- कैलाश जी का मकान — पश्चिम- सतुतु जी का मकान
उत्तर- नाला — दक्षिण - आम रास्ता

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास आवेदक द्वारा किये गये पट्टे के आवेदन के संबंध में कोई आक्षेप/आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 03 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य भी दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। -उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/SDRC/2025/2380 — आम सूचना — दिनांक-24/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 565ए 586ए 591ए 592 पर स्थित वर्धमान विहार कॉलोनी के आवासीय (भूखण्ड संख्या 08 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज में से विखण्डित भूखण्ड संख्या 08 पार्ट-ए क्षेत्रफल 106.66 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 08 पार्ट-बी क्षेत्रफल 106.67 वर्गगज) पर 1. श्री विशाल गोधा पुत्र श्री सुमेर चन्द गोधा 2. श्री विशाल गोधा पुत्र श्री सुमेर चन्द गोधा 3. श्रीमती पदमा जैन पत्नि स्व. श्री प्रदीप कुमार जैन 4. श्रीमती अनिशा जैन पत्नि श्री हिमांशु जैन ने आवेदन प्रस्तुत कर उपविभाजन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में -भूखण्ड संख्या 06 व 10 — उत्तर में- भूखण्ड संख्या 07
पश्चिम में - 40 फीट चौड़ा रास्ता — दक्षिण में - भूखण्ड संख्या 09

अतः उक्त उपविभाजन प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला (अजमेर) राज.

क्रमांक : न.प.कि/नामान्तरण/2025/2378 — आम सूचना — दिनांक-24/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 1394 पर स्थित विनायक नगर के आवासीय (भूखण्ड संख्या 06 क्षेत्रफल 248.97 वर्गगज) पर श्री राकेश कुमार जैन पुत्र श्री महेन्द्र कुमार जैन ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व में - 40 फीट का रास्ता — उत्तर में- भूखण्ड संख्या 05
पश्चिम में - कृषि भूमि — दक्षिण में - ओपन लेण्ड

अतः उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। -प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1916 — जाहिर आम सूचना — दिनांक-29.12.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-एफ-19, नाकामदार अजमेर क्षेत्रफल 42.187 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री नत्थुमल पुत्र श्री ताराचन्द को आवंटित कर दिनांक 14.12.1998 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री नत्थुमल की मृत्यु दिनांक 24.12.2009 को हो जाने के कारण उनकी पुत्रवधु श्रीमती पूनम बदलानी पत्नि स्व. श्री ईश्वर बदलानी के पक्ष में दिनांक 25.03.2014 मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्रीमती पूनम बदलानी पत्नि स्व. श्री ईश्वर बदलानी द्वारा रजिस्टर्ड मुख्त्यारनामा आम श्री नरेश लालवानी पुत्र श्री रामचन्द लालवानी के पक्ष में निष्पादित किया गया। श्रीमती पूनम बदलानी पत्नि स्व. श्री ईश्वर बदलानी जरिये मुख्त्यारनामा आम श्री नरेश लालवानी पुत्र श्री रामचन्द लालवानी द्वारा दिनांक 02.03.2015 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। पंजीयन पश्चात श्रीमती पूनम बदलानी पत्नि स्व. श्री ईश्वर बदलानी जरिये मुख्त्यार आम श्री नरेश लालवानी पुत्र श्री रामचन्द लालवानी द्वारा आवास का बेचान सुश्री विनिता खट्टर पुत्र श्री कमल कुमार खट्टर को दिनांक 15.02.2017 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1917 में क्रम संख्या 2017030011005 30 पृष्ठ संख्या 46 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4660 के पृष्ठ संख्या 532 से 543 पर दिनांक 15.02.2017 को चस्पा किया गया। सुश्री विनिता खट्टर पुत्री श्री कमल कुमार खट्टरने उक्त आवास से संबधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहर